भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1653
दिनांक 01 अगस्त, 2024

बाड़मेर में रिफाइनरी

1653. श्री उम्मेदा राम बेनीवालः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजस्थान के बाड़मेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में रिफाइनरी के निर्माण के लक्ष्य की तुलना में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त रिफाइनरी के कब तक चालू होने की संभावना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग) दिनांक 15 जुलाई, 2024 की स्थिति के अनुसार राजस्थान के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बाड़मेर स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) परियोजना ने समग्र रूप से 80.8% वास्तविक प्रगति हासिल की है। एचआरआरएल परियोजना को यांत्रिक रूप से पूरा करने की निर्धारित तिथि 31 मार्च, 2025 है, इसके बाद इससे जुड़े क्रियाकलाप चालू होंगे।

****